दैनिक भास्कर
कटिहार 16-04-2022

# ईसाइयों ने सादगी से मनाया गुड फ्राइडे

## तीसरे दिन प्रभु यीशु के जी उठने का महान पर्व ईस्टर मनाया जाएगा

भास्कर न्यूज | कटिहार

शुक्रवार को प्रभु यीशु का बलिदान दिवस गुड फ्राइडे जिले भर में सादगी के साथ मनाया गया। ईसाई समाज के लोगों ने चर्च में गुड फ्राइडे को लेकर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस दौरान दो वर्ष बाद मसीह समाज के लोग चर्च पहुंचे सभी अपने अपने परिवारजनों के साथ प्रार्थना सभा में शामिल हुए। जिले के विभिन्न चर्च के पास्टर ने चर्च में प्रभु यीशु का संदेश दिया गया। पास्टर नथानियल मरांडी ने प्रभु का संदेश सुनाया और प्रार्थना की। प्रभु यीशु को याद करते हुए कई जगह कैंडल भी जलाया गया। पास्टर नथानियल मरांडी ने कहा कि ईसा मसीह ने लोगों की भलाई के लिए अपनी जान दी थी। इसलिए इस दिन को गुड कह कर संबोधित किया जाता है। तीसरे दिन प्रभु यीशु के जी उठने का पर्व ईस्टर मनाया जाएगा। आराधना के दौरान पास्टर गयुश मुर्मू, मालती टूडू, प्रेमलता मरांडी, जोशेफ मरांडी, बबलू मुर्मू आदि मौजूद थे।



चर्च में प्रार्थना करते पास्टर एवं अन्य।

दैनिक भास्कर
कटिहार 11-04-2022

# ईसाई समुदाय ने मनाया पाम संडे, निकाला गया खजूर जुलूस



पाम संडे पर इसाई समुदाय के लोग।

**डंडखोरा** | डंडखोरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गिरजाघरों में रविवार को पाम संडे मनाया गया। इस मौके पर खजूर की डालियों को सिर पर रखकर श्रद्धालु चर्च में पहुंचे। उसके बाद विशेष प्रार्थना की गई। प्रखंड के सभी चर्चों में पाम संडे पर जुलूस निकाला गया। ईसाई समाज में अभी 40 दिनों से उपवास और प्रार्थना का सिलसिला चल रहा है। पाम संडे के साथ ही दुख भोग का आखिरी सप्ताह शुरू हो गया है। आने वाले शुक्रवार को गुड फ्राइडे और रविवार को ईस्टर संडे मनाया जाएगा। पाम संडे पर प्रखंड के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना की गई। बेथेल मिशन डंडखोरा के परिसर में ही जुलूस निकाला गया। मिशन के नथानियल मरांडी ने बताया की पाम संडे हमें प्रभु यीशु मसीह का यरूशलेम में जो स्वागत हुआ था उसका स्मरण दिलाता है। मिशन के हेड गयुश मुर्मू ने चर्च में प्रभु के वचन पर प्रकाश डाला। इस दौरान जोसेफ मरांडी, मालती टुडू, प्रेमलता मरांडी, अनिमा बा, बबलु, प्रिंस के द्वारा चर्च में विशेष प्रार्थना आयोजित की गई।


2021/12/25 12:42


















SAHBHAGITA
MOBILIZATION PROGRAMM
Date : 11 11 2022
Subject : घरेलू हिसा
Venue : DANDKHORA


SAHBHAGITA
MOBILIZATION PROGRAMM
हिंसा


SAHBHAGITA
MOBILIZATION PROGRAMM
Date :
Subject :
Venue : DANDKHORA
घरेलू हिंसा


ADVENTURE




COLLEGIATE PRAYER FELLOWSHIP
Reconnect